
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 13 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 10 अप्रैल 2022

**विचार-प्रवाह...**प्रतिबंधों पर पुतिन का जवाब





मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 22.0°

40243.38

2 विदेश मंत्री के तौर पर आखिरी दिन

7 जोस बटलर का आरेंज कैप पर कब्जा

# पाकिस्तान में नई सरकार, टेंशन में चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान में इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद संसद का अहम सत्र शुरू है। पाकिस्तान के इतिहास में इमरान खान ऐसे पहले प्रधानमंत्री होंगे जिन्हें अविश्वास प्रस्ताव के जरिए हटाया जा सकता है। इसकी संभावना काफी अधिक है। पाकिस्तान में जो कुछ भी हो रहा है वह सिर्फ वहां की राजनीति की वजह से नहीं हो रहा है। इमरान खान तो यह बात चिल्ला– चिल्ला कर कह रहे हैं। सदन के भीतर तो पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने सीधे–सीधे अमेरिका का नाम ले लिया। वहीं दूसरी ओर विपक्ष जिसके हाथ में सत्ता आने की पूरी संभावना है उसे अमेरिका का करीबी कहा जा रहा है।

वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर सबसे अधिक चीन की नजर है जो रूस–यूक्रेन की लड़ाई में खुलकर रूस के साथ है। चीन का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पाकिस्तान में चल रहा है और अमेरिका से उसका छत्तीस का आंकड़ा किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में यह तय है कि पाकिस्तान में नई सरकार आने के बाद सबसे अधिक चीन की टेंशन बढ़ने वाली है।

## पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विदेश मंत्री ने लिया अमेरिका का नाम

### पाकिस्तान ने फिर अलापा वही पुराना राग

अविश्वास के मुद्दे से हटते हुए कुरैशी ने भारत और पाकिस्तान संबंधों के बारे में बात की। उन्होंने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए आरएसएस और हिंदुत्व की विचारधारा को दोनों देशों के बीच बातचीत की कमी के लिए जिम्मेदार ठहराया।



### महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर नहीं पड़ेगा असर

चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि बदलती राजनीतिक स्थिति इस्लामाबाद के साथ बीजिंग के करीबी संबंधों को प्रभावित नहीं कर सकती है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जाओ लिजियान ने कहा कि चीन और पाकिस्तान सदाबहार रणनीतिक साझेदार हैं। इतिहास ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि चाहे अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य कैसा भी हो और घरेलू हालात बदल जाएं, चीन और पाकिस्तान के संबंध हमेशा अटूट और मजबूत रहेंगे।

इमरान खान ने अपनी कुर्सी हिलते देख हाल के दिनों धमकी भरे खत के बारे में बात करनी शुरू कर दी और दावा किया कि उन्हें हटाने की एक विदेशी साजिश रची गई। इमरान खान ने पिछले दिनों राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अपने उन आरोपों को दोहराया कि एक अमेरिकी राजनयिक ने पाकिस्तान में शासन परिवर्तन की धमकी दी थी। एक पत्र का हवाला दिया और विपक्ष पर निशाना साधते–साधते कहीं और भी निशाना साध रहे थे। लेकिन शनिवार खुलकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने नेशनल असेंबली में अमेरिका का नाम लिया।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि मैं पटल पर लाना चाहता हूं कि अमेरिका के छै। ने हमारे छै। को कॉल कर रूस न जाने के लिए कहा। मुझे बताएं कि ऐसा कहां होता है कि एक संप्रभु देश को उसके द्विपक्षीय दौरे से रोका जाए। कुरैशी पाकिस्तान के पीएम इमरान खान के रूस दौरे के संबंध में यह बात कह रहे थे।

इमरान खान के रूस दौरे की काफी चर्चा थी। रूस– यूक्रेन की लड़ाई का असर वहां से दूर एशिया के इस मुल्क पर पड़ता साफ दिख रहा है।

### रूस–चीन–इमरान की तिकड़ी में अमेरिका की एंट्री

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि एक ओर अमेरिका है तो दूसरी और चीन और रूस। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूस और अमेरिका आमने–सामने हैं तो वहीं चीन और अमेरिका के बीच लंबे समय से तनातनी जारी है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद चीन का उसे पूरा समर्थन हासिल है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में UNHRC से रूस के बाहर करने के लिए हुई वोटिंग में रूस के पक्ष में चीन पूरी तरह साथ खड़ा नजर आया। वहीं इमरान खान भी रूस और चीन के साथ पूरी तरह खड़े नजर आए और यह अब खुलकर कहा जा रहा है कि अमेरिका की वजह से ऐसा हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्सई कोविड वैरिएंट पर नजर रख रहा है इंसाकाग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के बाद गुजरात में भी कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट के नए सब वैरिएंट एक्सई का एक मामला मिला है। मुंबई से वडोदरा आए 67 साल के एक व्यक्ति को इस नए सब वैरिएंट से संक्रमित पाया गया है। हालांकि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है इस सब वैरिएंट पर नजर रखी जा रही है और फिलहाल चिंता की कोई बात नहीं है। भारतीय सार्स–सीओवी–2 जीनोमिक्स संघ इंसाकाग भी देश में एक्सई कोविड के वैरिएंट के मामलों पर नजर रख रहा है।

### चुनावी तोहफे की पेशकश पर नियमन संभव नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग का कहना है कि चुनाव के पहले या बाद में चुनावी तोहफे की पेशकश करना संबंधित पार्टी का नीतिगत मामला है। ऐसे में सवाल कि इस तरह की नीतियों का क्या प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा यह राज्य के मतदाताओं पर निर्भर करेगा।

# अब सस्ता होगा कोरोना की वैक्सीन लगवाना

## एसआईआई और भारत बायोटेक ने किया कीमत घटाने का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्राइवेट अस्पतालों में कोरोना की वैक्सीन लगवाना अब सस्ता होगा। वैक्सीन निर्माताओं ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन के दाम घटाने का फैसला किया है। सरकार से सलाह–मशविरा के बाद कंपनियों ने यह कदम उठाया है। प्राइवेट अस्पतालों को अब कोविशील्ड की एक डोज 600 रुपये के बजाय 225 रुपये में मिलेगी। वहीं, कोवेक्सीन का दाम 1200 रुपये की जगह 225 रुपये होगा।

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने कोविशील्ड के दाम के बारे में शनिवार को ऐलान किया। उन्होंने बताया कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने निजी अस्पतालों के लिए कोविशील्ड वैक्सीन की कीमत 600 रुपये से घटाकर 225 रुपये करने का फैसला किया है।

### नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण की अध्यक्षता में एहतियाती खुराक को लेकर शनिवार सुबह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों की एक ओरिएंटेशन बैठक हुई जो रविवार से 18 साल से ऊपर के सभी वयस्कों के लिए उपलब्ध होगी। जो पहली और दूसरी खुराक के रूप में दी गई थी। भूषण ने कहा कि एहतियाती खुराक के लिए किसी नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि सभी लाभार्थी पहले से ही कोविन पोर्टल पर पंजीकृत हैं।

पूनावाला ने ट्वीट करते हुए लिखा– हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि केंद्र सरकार के साथ चर्चा के बाद SII ने निजी अस्पतालों के लिए COVISHIELD वैक्सीन की कीमत 600 रुपये से घटाकर 225 रुपये प्रति डोज करने का निर्णय लिया है। हम सभी केंद्र के इस फैसले की एक बार फिर सराहना करते हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब 18 को प्रिकॉशनरी डोज लगने जा रही हैं। इसी के साथ भारत बायोटेक की संयुक्त प्रबंध निदेशक सुचित्रा एला ने भी कहा कि कंपनी ने निजी अस्पतालों के लिए कोवैक्सीन की कीमत 1200 रुपये से घटाकर 225 रुपये करने का फैसला किया है।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सभी टीकाकरणों को पोर्टल में पंजीकृत किया जाना चाहिए, जबकि निजी टीकाकरण केंद्रों पर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट और वॉक–इन पंजीकरण के विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

# यमुनोत्री घाटी और पुरोला में तेज झटकों से डरे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के बडकोट यमुनोत्री घाटी में शनिवार शाम करीब 4.52 बजे पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिसके बाद यहां लोग दहशत में घरों से बाहर निकले। हालांकि अभी तक किसी भी तरह से जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

बडकोट यमुनोत्री घाटी के अलावा पुरोला व मोरी तहसील में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र हिमाचल बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 4.1 बताई गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि जनपद में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है, लेकिन स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।

यमुनोत्रीधाम व खरशाली तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। दहशत में लोग घरों से बाहर खुले मैदान की ओर दौड़ पड़े। उत्तरकाशी में पहले भी कई बार भूकंप आने से यहां नुकसान हुआ है। ऐसे में दोबारा भूकंप के झटके महसूस करने पर यहां लोग भयभीत हैं। बता दे कि भूकंप की दृष्टि से उत्तराखंड काफी संवेदनशील है और जोन पांच में आता है।

### भूकंप

■भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 4.1, केंद्र था हिमाचल




बता दें रिक्टर स्केल पर 7.0 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप को समान्य से कहीं अधिक खतरनाक माना जाता है। इसी पैमाने पर 2.0 या इससे कम तीव्रता वाला भूकंप सूक्ष्म भूकंप कहा जाता है, जोकि समान्यता महसूस नहीं होते है। ऐसे में 4.1 की तीव्रता वाले भूकंप घरों व अन्य रचनाओं को क्षतिग्रस्त कर सकते है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# इस बार की यात्रा सभी रिकार्ड तोड़ेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। कोरोना संक्रमण कम होने के कारण दो साल बाद चारधाम यात्रा के लिए लोगों के खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। यात्रा क्षेत्रों में स्थित होटलों में 40 से 70 प्रतिशत तक की बुकिंग मिल चुकी है।

वहीं शनिवार को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यात्रा को लेकर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। उन्हें भी इस बार यात्रा में रिकार्ड यात्रियों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा है कि इस बार की यात्रा सभी रिकार्ड तोड़ेगी। कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले ही होटल भी बुक होने लगे हैं।

### तीन मई को हो जाएगा चारधाम यात्रा का शुभारंभ

आगामी तीन मई को चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। जिसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। तीन मई को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ यात्रा शुरू हो जाएगी। केदारनाथ धाम के कपाट छह और बदरीनाथ धाम के कपाट आठ मई 2022 को आम जनता के दर्शनार्थ खुल जाएंगे। जीएमवीएम की ओर यात्रियों को चारधाम यात्रा टूर पैकेज भी दिया जा रहा है।